दिनांक : 15.08.2025

समय : 06:45AM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार : -

1- देश आज मना रहा है 79वां स्वतंत्रा दिवस, प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से करेंगे राष्ट्र को संबोधित।
2- प्रदेश में भी हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा स्वतंत्रता दिवस, मुख्यमंत्री भोपाल में, मंत्री प्रभार के जिलों में करेंगे ध्वजारोहण।
3- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा- देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर। सर्वांगीण आर्थिक विकास के लिए सामाजिक कार्यक्रमों को श्रेय दिया।
4- प्रदेश में फिर तेज बारिश का दौर शुरू, 17 अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट।

प्रधानमंत्री-स्वतंत्रता दिवस

आज देश 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। वे लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की अगुवाई में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के  दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय है- "नया भारत"।

प्रदेश- स्वतंत्रता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर आज राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री प्रहलाद पटेल भिण्ड, मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम, मंत्री करन सिंह वर्मा मुरैना, मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट, मंत्री सम्पतिया उइके मंडला, मंत्री तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, मंत्री निर्मला भूरिया मंदसौर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, मंत्री विश्वास सारंग खरगौन, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, मंत्री नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर शिवपुरी और मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण करेंगे। इंदौर, झाबुआ, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, उज्जैन, देवास, विदिशा, शाजापुर, आगर मालवा, हरदा, नीमच, गुना, अशोकनगर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, रीवा, मैहर, पांढुर्ना, छतरपुर, सतना एवं उमरिया जिले में संबंधित जिले के कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे।

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में, उन्होंने इसका श्रेय सामाजिक क्षेत्र की पहलों के

साथ-साथ सर्वांगीण आर्थिक विकास को दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र अमृत काल में आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी क्षमतानुसार योगदान कर रहा है। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या को कायरतापूर्ण और पूरी तरह से अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि देश की सेनाएं किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

बाइट- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्र अपने संविधान और लोकतंत्र को सबसे ऊपर रखता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए लोगों को भी बदलना होगा।

मुख्यमंत्री किसान

अब राज्य सरकार कोदो और कुटकी की खरीदी समर्थन मूल्य पर करेगी। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला में आयोजित बलराम जयंती समारोह में इसकी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 82 लाख से अधिक किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की 1671 करोड़ रुपए की राशि का उनके खातों में सीधा अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 226.12 करोड़ रूपये की लागत के 24 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। डॉ. यादव ने कहां से हमारे किसान और जवान दोनों धन है। एक तरफ अन्नदाता किसान जी-जान लगाकर खेती करता है और हम सब का पेट भरता है।

## राष्ट्रपति पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 127 वीरता पुरस्कार और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी। इनमें 4 कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र, 16 शौर्य चक्र, वीरता के लिए दो बार टू सेना पदक, 58 सेना पदक, 6 नौसेना पदक, 26 वायु सेना पदक, 7 सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, 9 उत्तम युद्ध सेवा पदक और 24 युद्ध सेवा पदक शामिल हैं। राष्ट्रपति ने 290 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी स्वीकृति दी है।

## जल जीवन मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल जीवन मिशन के सफलतम 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के प्रत्येक घर में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ किए गए जल जीवन मिशन में अब तक 15 करोड़ 68 लाख से अधिक ग्रामीण घरों में नल से शुद्धजल उपलब्ध करवाया जा चुका है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मिशन कार्यों में मध्यप्रदेश भी आगे है। प्रदेश के 78 लाख से अधिक घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण का प्रतीक बनी है।

## स्वतंत्रता दिवस-पुलिस पदक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सेवाओं के कुल एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि 233 कर्मियों को वीरता पदक, 99 कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया गया है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

प्रदेश में श्रीकृष्णृ जन्माष्टमी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि सम्बन्धित क्षेत्रों के आयोजन में सम्मिलित होंगे। संस्कृति विभाग के संचालक एन.पी. नामदेव ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश के 3000 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान और 100 से अधिक प्रमुख स्थलों पर 155 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में 1000 से अधिक कलाकार अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रीकृष्ण भक्ति संगीत, भजन, कीर्तन करेंगे। श्री नामदेव बताया कि यह पर्व न केवल भक्ति और आध्यात्मिकता का उत्सव होगा, बल्कि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करेगा।

मौसम

प्रदेश में तेज बारिश का एक और दौर शुरू हो गया है। कल भोपाल सहित कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। हिल स्टेशन पचमढ़ी में 9 घंटे में पौने 2 इंच बारिश हो गई। गुना में डेढ़ इंच और इंदौर में आधा इंच पानी गिरा।

बैतूल, दतिया, नर्मदापुरम, राजगढ़, उज्जैन, जबलपुर, टीकमगढ़, शाजापुर समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। इंदौर और उज्जैन संभाग में अगले 3 दिन अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट है। इन दोनों संभागों के 15 में से 8 जिलों में अब तक 14 इंच से कम पानी गिरा है।

संक्षिप्त समाचार

1- राज्यपाल मंगू भाई पटेल नर्मदापुरम के पचमढ़ी स्थित राज भवन में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में राज भवन भोपाल और जिले के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे।
2- हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत कल आगरमालवा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। जिसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने सहभागिता की।
3- इंदौर में आयोजित अंडर 23 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खंडवा के पहलवानों ने दो गोल्ड, चार सिल्वर मेडल व चार बॉन्स मेडल जीते।

अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

1- देश आज मना रहा है 79वां स्वतंत्रा दिवस, प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से करेंगे राष्ट्र को संबोधित।
2- प्रदेश में भी हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा स्वतंत्रता दिवस, मुख्यमंत्री भोपाल में, मंत्री प्रभार के जिलों में करेंगे ध्वजारोहण।
3- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा- देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर। सर्वांगीण आर्थिक विकास के लिए सामाजिक कार्यक्रमों को श्रेय

दिया।

4- प्रदेश में फिर तेज बारिश का दौर शुरू, 17 अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट।